दिल बहुत बड़ा होता है

फिल्मों से सिखी मैंने

माफ़ी मांगने से कोई छोटा या बड़ा नहीं होता,

लेकिन माफ़ कर देनेवाले का दिल

बहुत बड़ा होता है... बहुत बड़ा ।।

दुनिया से सिखी मैंने

माफ़ी मांगने से कोई छोटा या बड़ा नहीं होता,

लेकिन माफ़ न कर देनेवाले का दिल

बहुत बड़ा होता है... बहुत बड़ा ।।

अभावों से सिखी मैंने

पैसा मांगने से कोई छोटा या बड़ा नहीं होता,

लेकिन पैसा देनेवाले का दिल

बहुत बड़ा होता है... बहुत बड़ा ।।

दुनिया से सिखी मैंने

पैसा मांगने से कोई छोटा या बड़ा नहीं होता,

लेकिन पैसा न देनेवाले का दिल

बहुत बड़ा होता है... बहुत बड़ा ।।

साधुओं से सिखी मैंने

ज्ञान बांटने से कोई छोटा या बड़ा नहीं होता,

लेकिन ज्ञान बांटनेवाले का दिल

बहुत बड़ा होता है... बहुत बड़ा ।।

दुनिया से सिखी मैंने

ज्ञान बांटने से कोई छोटा या बड़ा नहीं होता,

लेकिन ज्ञान न बांटनेवाले का दिल

बहुत बड़ा होता है... बहुत बड़ा ।।

अपनों से सिखी मैंने

मिलकर रहने से कोई छोटा या बड़ा नहीं होता,

लेकिन मिलकर रहनेवाले का दिल

बहुत बड़ा होता है... बहुत बड़ा ।।

दुनिया से सिखी मैंने

मिलकर रहने से कोई छोटा या बड़ा नहीं होता,

लेकिन मिलकर न रहनेवाले का दिल

बहुत बड़ा होता है ... बहुत बड़ा ।।

गुरुओं से सिखी मैंने

पढ़ने से कोई छोटा या बड़ा नहीं होता,

लेकिन पढ़कर शिक्षित बननेवाले का दिल

बहुत बड़ा होता है... बहुत बड़ा ।।

दुनिया से सिखी मैंने

पढ़ने से कोई छोटा या बड़ा नहीं होता,

लेकिन पढ़कर न शिक्षित बननेवाले का दिल

बहुत बड़ा होता है... बहुत बड़ा ।।

डॉ. अनुजा बेगम

अतिथि संकाय

भारतीय भाषा (हिंदी)

टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान

गुवाहाटी परिसर,असम